
तापमान
अधिकतम 30.1°c
न्यूनतम 15.6°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में इंटर खेल प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे
- निगम कमिश्नर की अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे





त्योहारों पर सक्रिय हुए चोर और लुटेरे, रोहतक-कलानौर में वारदात

गन पॉइंट पर एक महिला से चेन लूटी, दूसरी का चुरा ले गए पर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

छोटूराम चौक के पास नकाबपोश ने एक महिला को गन पॉइंट पर लेकर सोने की चेन छीन ली। आरोपी ने महिला को उसके बेटों की हत्या की धमकी भी दी। वारदात के बाद वह बाइक पर आंबेडकर चौक की तरफ भाग गया। आर्य नगर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैनीपुरा निवासी राधा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह करीब 4:50 से 5 बजे के बीच वह छोटूराम चौक के पास पहुंची थी। इसी दौरान पीछे से एक युवक आया। उसने काली जैकेट पहन रखी थी और चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ था।



केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

रोहतक। कलानौर में बाजार में खरीदारी करने गई महिला का पर्स अज्ञात व्यक्ति ने निकाल लिया। पर्स में सोने के गहने और नकदी रखी थी। जींद के गांव झांझ कलां की सुशीला ने बताया कि 26 अक्टूबर को वह मायके गांव गढ़ी बल्लभ से ससुराल लौट रही थी। रास्ते में किसी ने उसके बैग से पर्स निकाल लिया। बाजार में कपड़े खरीदते समय उसे पर्स गायब होने का पता चला। उसमें आधा तोले का सोने का लॉकेट, आधा तोले की अंगूठी और चार हजार रुपये थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेटे को जान से मारने की धमकी दी और धक्का देकर तोड़ ली चेन

युवक ने उसके सामने आकर छाती पर गन तान दी और कहा कि वह उसके बेटे को जान से मार देगा। इसके बाद आरोपी ने महिला को धक्का दिया और उसके गले से सोने की चेन तोड़ ली। महिला के अनुसार, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दूसरी तरफ खड़ी बाइक पर सवार हुआ और आंबेडकर चौक की ओर फरार हो गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और अपने व परिवार के जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस के अनुसार, 27 अक्टूबर को छोटूराम चौक के पास गन पॉइंट पर चेन छीनने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। राधा रानी ने थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खाद वितरण व्यवस्था पर उठे सवाल

एक कट्टा यूरिया लिया, रिकॉर्ड में दर्ज मिले 59, सीएम विंडो पर दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मकड़ौली खुर्द के किसान महावीर सिंह मंगलवार को हिसार रोड स्थित एक दुकान पर यूरिया का एक बैग लेने पहुंचे। दुकानदार ने रिकॉर्ड देखकर बताया कि वह एक महीने पहले 59 कट्टे यूरिया लेकर जा चुके हैं। यह सुनते ही किसान हैरान रह गए। महावीर सिंह का कहना था कि उन्होंने तो केवल एक कट्टा ही लिया था। ऐसे में उनके आधार कार्ड की इंट्री में 59 कट्टे दर्ज होने का मामला सामने आने से खाद वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। किसान सीएम विंडो पर मंगलवार को शिकायत दर्ज करा दी है।



आधार कार्ड की इंट्री पर सवाल

किसान के अनुसार, जब उन्होंने एक ही कट्टा यूरिया लिया था तो रिकॉर्ड में 59 कट्टे किस आधार पर दर्ज कर दिए गए। यह सवाल भी उठ रहा है कि खाद वितरण के दौरान आधार कार्ड से जुड़ी इंट्री की जांच किस स्तर पर की जाती है। यदि रिकॉर्ड में गलत मात्रा दर्ज हुई है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है, यह भी स्पष्ट होना चाहिए।

किसान को भुगतना पड़ सकता है गलत इंट्री का खामियाजा

रिकॉर्ड में पहले ही 59 कट्टे दर्ज होने की बात सामने आने के बाद किसान के सामने यह चिंता खड़ी हो गई कि आगे खाद लेने में कोई परेशानी तो नहीं आएगी। खाद वितरण व्यवस्था में आधार कार्ड के जरिये दर्ज होने वाला रिकॉर्ड किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में गलत इंट्री होने पर किसान को उसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

जांच से स्पष्ट हो गड़बड़ी कहां हुई

मामले में यह जांच जरूरी है कि किसान के नाम पर 59 कट्टों की इंट्री कब, कहां और किस स्तर पर हुई। प्रशासन को रिकॉर्ड की पड़ताल कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, ताकि किसान के खाते में दर्ज गलत जानकारी सुधारी जा सके और ऐसी गड़बड़ी की पुनरावृत्ति न हो।

आईएमटी थाने में तैनात एसपीओ ने घर पर फांसी लगाकर की खुदकुशी

- 46 वर्षीय राकेश की आत्महत्या के कारणों का नहीं चला पता, एफएसएल टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएमटी थाने में तैनात एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) की आत्महत्या का मामला सामने आया है। गांव अटायल निवासी 46 वर्षीय राकेश ने मंगलवार को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार, राकेश पुत्र राजेंद्र आईएमटी थाना क्षेत्र में ईआरवी पर तैनात था। मंगलवार, 27 अक्टूबर को उसने अपने घर के कमरे में फंदा लगा लिया। घटना का पता चलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम की इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया भी मौके पर पहुंचीं। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जरूरी साक्ष्य जुटाए, ताकि मामले की जांच में मदद मिल सके।राकेश ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, फिलहाल इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस



कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

सांपला। बेरी रोड पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से 64 वर्षीय हरिओम की मौत हो गई, जबकि अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों सुबह करीब सात बजे सैर करने निकले थे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया तथा अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के पीछे के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

फोन हैंग, खाते से निकले ₹1.06 लाख

रोहतक। महम क्षेत्र के गांव भैणी महाराजपुर में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। मोबाइल फोन हैंग होने के बाद एक युवक की मां के बैंक खाते से चार ट्रांजेक्शन के जरिए 1,05,999 रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना रोहतक में अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में 21 वर्षीय सोहेल ने बताया कि उसकी मां आशा का एसबीआई में बैंक खाता है। घर में इस्तेमाल होने वाला लावा कंपनी का मोबाइल फोन वह और उसके पिता प्रयोग करते हैं। 19 अक्टूबर को मोबाइल काफी गर्म होने लगा और धीमी गति से चलने के साथ हैंग होने लगा। 21 अक्टूबर को बैंक बैलेंस चेक करने पर खाते से रकम गायब मिली। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार, 20 और 21 अक्टूबर को फोनपे के माध्यम से चार ट्रांजेक्शन में क्रमशः 30 हजार, 29,999, 35 हजार और 11 हजार रुपये निकाले गए। पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई।

मानवाधिकार आयोग ने दिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश

धुंध में हाइवे किनारे ढाबों-होटलों पर वाहन खड़े किए तो दोनों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सर्दी में धुंध के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों पर ढाबों और होटलों के बाहर सड़क किनारे वाहन खड़े करना संचालकों और वाहन चालकों को भारी पड़ सकता है। हाइवे पर अवैध ढाबों के साथ-साथ ऐसे स्थानों पर खड़े ट्रकों और अन्य वाहनों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। धुंध में सड़क किनारे खड़े वाहनों से हादसों का खतरा बढ़ जाता है। हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्तरा और सदस्य दीप भाटिया ने मंगलवार को सुनारिया पीटीसी में जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में यह हिदायत दी। बैठक में उपायुक्त सतबीर सिंह और पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित मौजूद रहे।



दूसरे वाहन चालकों के लिए खतरा

राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे संचालित ढाबों और होटलों पर अक्सर ट्रक और अन्य वाहन रुकते हैं। यदि वाहन सड़क पर या हाइवे के किनारे खड़े होते हैं तो धुंध के दौरान दूसरे वाहन चालकों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। आयोग ने हाइवे पर अवैध ढाबों और सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की हिदायत दी।

मानवाधिकारों के मुद्दों पर चर्चा

बैठक में जिले की कानून व्यवस्था और मानवाधिकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। न्यायमूर्ति ललित बत्तरा और दीप भाटिया ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से मानवाधिकारों के संरक्षण के संबंध में तैयार की गई हिदायतों पर अधिकारियों से चर्चा की। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों और बच्चों के भीख मांगने की प्रवृत्ति जैसे मुद्दे भी उठाए गए।

रैन बसेरों के प्रबंधों की समीक्षा

आयोग के सदस्यों ने जिला प्रशासन की ओर से संचालित रैन बसेरों की व्यवस्था की समीक्षा की। रेलवे स्टेशन स्थित रैन बसेरे तक जरूरतमंदों को पहुंचाने के लिए बस की व्यवस्था को सराहनीय बताया। बैठक में महम के उपमंडलाधीश विपिन कुमार, आयोग के सहायक कुलसचिव डॉ. पुनीत अरोड़ा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



खबर संक्षेप

सुखबीर फरमाणा का कांग्रेस भवन में स्वागत

रोहतक। दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली कांग्रेस रैली की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक एवं जिला प्रभारी सुखबीर फरमाणा कांग्रेस भवन पहुंचे। यहां नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम में कुलदीप केडी, बलवान रांगा, महाबीर मलिक, राजेश पहलवान सुनारिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रोल प्ले में कुलताना स्कूल ने मारी बाजी

सांपला। खेड़ी साध संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय रोल प्ले और फोक डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। रोल प्ले में कुलताना स्कूल ने पहला, खेड़ी साध ने दूसरा और सांपला स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। फोक डांस में अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला प्रथम, बलियाणा दूसरे और कुलताना तीसरे स्थान पर रहा। विजेता टीमें अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

महेश चौहान ने खरीद व्यवस्था का लिया जायजा

रोहतक। भाजपा किसान मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष महेश चौहान ने रोहतक अनाज मंडी पहुंचकर फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को खरीद, तुलाई, उठान और भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त बारदाना, पेयजल, बैठने और सफाई की व्यवस्था बनाए रखने को कहा। चौहान ने किसानों को उचित मूल्य और पारदर्शी खरीद का भरोसा दिलाया।

कांग्रेस की रैली के लिए खत्री ने दिया न्योता

सांपला। दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली कांग्रेस रैली के लिए पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को ऑल इंडिया कांग्रेस किसान कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश खत्री ने किसानों से संपर्क कर रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने भाजपा और चुनाव आयुक्त पर वोट चोरी के आरोप लगाए। खत्री ने दावा किया कि दस्तावेज होने के बावजूद करीब 13 करोड़ लोगों के वोट काटे गए। उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित रैली में पहुंचने की अपील की।

आरक्षित वर्गों की अनदेखी का आरोप

रोहतक। कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला वाइस चेयरमैन अड़ीचन्द निम्बड़िया ने आरक्षित वर्गों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए बैकलॉग पद जल्द भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण लागू नहीं हो रहा और सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। भर्ती प्रक्रिया तेज होने से युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बेरोजगारी और महंगाई पर चिंता जताते हुए आरक्षण सहित जनहित के मुद्दों पर ठोस कदम उठाने की अपील की।

'टेकफ्यूजन-2026' : '12 गाम' की स्टार कास्ट बनी रही आकर्षण का केंद्र

विद्यार्थियों ने खेलों के साथ साइबर सुरक्षा आंकड़ों के विश्लेषण में दिखाई तार्किक सोच

■ उत्सव में 800 से अधिक विद्यार्थी 51 प्रतियोगिताओं में दिखा रहे हैं दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित अंतर-महाविद्यालय उत्सव 'टेकफ्यूजन-2026' के दूसरे दिन तकनीकी, खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में 10 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। 26 से 28 अक्टूबर तक चल रहे उत्सव में 800 से अधिक विद्यार्थी 51 प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। मंगलवार को हरियाणवी फिल्म '12 गाम' की स्टार कास्ट की मौजूदगी भी विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र रही। तकनीकी प्रतियोगिताओं में 'कैप्चर द फ्लैग', 'डेटा डिटेक्टिव्स' और 'मैनेजमेंट गेम्स' के जरिए विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, आंकड़ों के विश्लेषण, तार्किक सोच और निर्णय लेने के कौशल का प्रदर्शन किया। खेल स्पर्धाओं में 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, युगल क्रिकेट, धीमी साइकिल दौड़ आदि आयोजित की गईं। इनमें खिलाड़ियों ने गति, संतुलन, तालमेल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में एकल नृत्य, एकल गायन, मिमिक्री, मेहंदी, पोस्टर, कोलाज, रील, पॉडकास्ट और चलचित्र निर्माण शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार गोयल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास, नेतृत्व और सामूहिक कार्य भावना को मजबूत करते हैं।



रंगोली, मेहंदी, निबंध लेखन और नृत्य में 80 विद्यार्थियों ने लिया भाग

रोहतक। वैश्य कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), यूथ रेडक्रॉस (वाईआरसी) सेल और आर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। अंतिम दिन रंगोली, मेहंदी, निबंध लेखन और नृत्य प्रतियोगिताएं कराई गईं। इनमें कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया।

गणपति एंटरप्राइजेज के कार्यालय से 3.23 लाख के मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हुडा कॉम्प्लेक्स स्थित गणपति एंटरप्राइजेज कार्यालय से आठ मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी हुए मोबाइल की कुल कीमत 3,22,984 रुपये बताई गई है। शिकायत के आधार पर आर्य नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में ग्रीन रोड निवासी तनुज कुमार ने बताया कि उसका कार्यालय हुडा कॉम्प्लेक्स की पहली मंजिल पर स्थित है। 27 अक्टूबर की सुबह उसे कार्यालय से मोबाइल फोन चोरी होने की जानकारी मिली। चोरी हुए फोन में सैमसंग के मॉडल शामिल हैं। इनकी कीमत 18 हजार से लेकर 96 हजार रुपये से अधिक तक है। शिकायतकर्ता ने चोरी हुए आठों मोबाइल के आईएमईआई नंबर और खरीद बिल पुलिस को सौंपे हैं। उसने बताया कि कार्यालय के स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। यदि जांच के दौरान अन्य मोबाइल भी गायब मिलते हैं, तो उनके बिल और आईएमईआई नंबर की जानकारी भी पुलिस को दी जाएगी।

> 18 हजार से लेकर 96 हजार रुपये की रेंज के आठ फोन ले गए चोर

भाजपा के मजबूत स्तंभ थे डॉ. मंगल सेन : मनीष ग्रोवर

■ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डॉ. मंगल सेन की जयंती पर मंगलवार को भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हुडा कॉम्प्लेक्स और श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रमों में उनके संघर्ष, सादगी, सिद्धांतों और जनसेवा को याद किया गया। बुजुर्ग कार्यकर्ताओं ने उनके साथ बिताए संस्मरण साझा किए।



कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि डॉ. मंगल सेन भाजपा के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने अपना जीवन संगठन की मजबूती, जनसेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, अशोक चौधरी, प्रदीप जैन, नितिन जैन, हिंदू एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान श्याम कपूर और महामंत्री संजय आहूजा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी डॉ. मंगल सेन के व्यक्तित्व और कार्यशैली को याद किया। इस अवसर पर श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

डॉ. मंगल सेन के आदर्श आज भी प्रासंगिक: प्रो. मिलाप पूनिया



रोहतक। मदवि में डॉ. मंगल सेन की 99वीं जयंती पर सोमवार को हवन-यज्ञ और पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि डॉ. मंगल सेन का राजनीतिक, सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। समाज कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। डॉ. मंगल सेन शोध पीठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम विवि परिसर की मातूराम यज्ञशाला में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन किया गया। कुलपति ने यजमान के रूप में आहुति दी और डॉ. मंगल सेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. मंगल सेन के जीवन और समाज के लिए किए गए कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, फैकल्टी ऑफ मैथमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज के डीन प्रो. राजीव कुमार, प्रो. हरीश कुमार, खेल निदेशक कुलताज सिंह आदि मौजूद रहे।

सुभाष रोड पर डंडा मारकर युवक का सिर फोड़ा, छह टांके लगे

रोहतक। सुभाष रोड पर मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे नशे में धुत एक युवक ने भारत भूषण निवासी सैनी पुरा के सिर में डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया और मारपीट की। भारत भूषण को गंभीर चोट आई है। सिर में छह टांके लगाने पड़े। उसकी आंख और हाथ की उंगलियों पर भी मारपीट से सूजन आ गई। व्यापारी नेता गुलशन निझावन ने बताया कि घायल भारत भूषण को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया। मौके पर डायल 112 को बुलाया गया और आरोपित युवक को पुलिस को सौंप दिया। पुलिसकर्मियों को वारदात में प्रयुक्त डंडा भी सौंप दिया गया, लेकिन थाना आर्य नगर पुलिस ने आरोपित को महज एक दरखास्त लेकर छोड़ दिया। यह समझ परे है कि पुलिसकर्मियों ने आरोपित की मेडिकल जांच करवाना अनिवार्य नहीं समझा।



एमडीयू कर्मचारी संघ चुनाव के लिए मतदान आज 8 बजे से



रोहतक। एमडीयू के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव-2026 के लिए मंगलवार, 28 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाने के लिए चुनाव समिति ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन अधिकारी प्रो. राहुल ऋषि ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। इसमें चुनाव प्रभारी सहायक कुलसचिव एसपी राठी तथा समिति सदस्य खैराती लाल और सुनील दहिया सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निर्देशों के अनुसार, मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतदाताओं को विवि का वैध पहचान पत्र, एमडीयू ऐप में उपलब्ध डिजिटल आईडी अथवा स्थापना शाखा द्वारा जारी फोटोयुक्त अस्थायी पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। डिजिटल आईडी दिखाने के लिए मोबाइल फोन संबंधित ड्यूटी अधिकारी के पास जमा कराना होगा।



छात्राओं ने सीखे प्राकृतिक चिकित्सा के गुर

महम। राजकीय महाविद्यालय महम में महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य, फिटनेस एवं महिला सशक्तीकरण को समर्पित एक सप्ताह की कार्यशाला के तीसरे दिन योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। रिसोर्स पर्सन प्रेम कुमार,योग थेरेपिस्ट हिसार ने छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासनों तथा योगाभ्यास की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। प्राध्यापिका डॉ. सुनील कुमारी ने छात्राओं को बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य छात्राओं को अपने स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है। प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत ने छात्राओं को संबोधित करते हुए तथा उन्हें कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मैणी चंद्रपाल माइनर की सफाई नहीं होने से रोष, टेल पर पानी नहीं पहुंच रहा

महम। मैणीचंद्रपाल माइनर की सफाई न होने से किसानों में रोष पनप रहा है। किसानों ने माइनर की सफाई करवाने की मांग की है। सफाई का टेंडर होने के बाद भी माइनर के अंदर झाड़ियां उगी हुई हैं। किसानों का कहना है कि अप्रैल के बाद माइनर में पानी नहीं पहुंचा है। मैणी चंद्रपाल माइनर की सफाई नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित होकर विरोध जताया। किसानों नेकिसानों का आरोप है कि जून-जुलाई महीने में माइनर की सफाई के लिए टेंडर हुआ था, लेकिन माइनर के केवल कुछ हिस्सों में सफाई करवाई गई। बीच के हिस्से में सफाई नहीं होने के कारण आज भी बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी हुई हैं। किसानों ने यह मुद्दा भी उठाया कि अप्रैल के बाद से अब तक माइनर में पानी नहीं पहुंचा है, जिससे सिंचाई को लेकर किसानों की परेशानियां बढ़ रही हैं। कार्यकारी अभियंता अरुण मुंजाल ने बताया कि माइनर की सफाई का टेंडर जारी हो चुका है। जल्द ही रजवाहे की सफाई का काम चालू कर दिया जाएगा। जेई नरेंद्र ने आश्वासन दिया कि इस बार सफाई का कार्य पूरा होने के बाद किसानों से संतुष्टि पत्र लिया जाएगा। इसके बाद ही कार्य को पूरा माना जाएगा।



डॉ. मंगल सेन के आदर्शों को अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. तनेजा

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज रोहतक में संस्थापक डॉ. मंगल सेन की जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व सहकारिता राज्यमंत्री मनीष ग्रोवर उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. तनेजा ने कहा कि डॉ. मंगल सेन के आदर्शों और जीवन मूल्यों को अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। मनीष ग्रोवर ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वदेशी अपनाने और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

सूचना

मैं, मोहित तंवर पुत्र सुभाष निवासी गांव घरावठी, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरे सभी कागजों में मेरा नाम मोहित लिखा हुआ है। अब मैं अपने सभी कागजों में अपना नाम मोहित से मोहित तंवर करवाना चाहता हूं। भविष्य में मुझे मोहित तंवर के नाम से जाना जाए।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600





दिसंबर 2026 में नेपाल में होने वाली स्पर्धा के लिए चयन

एमडीयू की निराल कौशिक ने राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में जीता सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज की प्रथम सेमेस्टर की छात्रा निराल कौशिक ने 19वीं जीएफआई राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

अंडर-19 वर्ग में शानदार प्रदर्शन के दम पर उनका चयन दिसंबर 2026 में नेपाल में होने वाली साउथ एशियन ग्रैपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 से 26 अक्टूबर तक उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित वंदना कटारिया इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित की गई। निराल ने प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के बाद अब निराल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। नेपाल में आयोजित होने वाली साउथ एशियन ग्रैपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में उनका चयन विवि के लिए उपलब्धि है। विवि लौटने पर यूआईपीएचएस के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने निराल को बधाई दी और सम्मानित किया। एमडीयू खेल परिषद के सचिव एवं खेल निदेशक प्रो. कुलताज सिंह तथा प्रो. समंदर कौशिक ने भी उन्हें सम्मानित किया।



न्यूज डायरी



केवीएम में विद्यार्थियों को किया जागरूक

रोहतक। केवीएम पब्लिक स्कूल में हरियाणा पुलिस की ओर से विद्यार्थियों को व्यक्तिगत सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रोहतक महिला थाने की एसएचओ मीना और नशा रोकथाम विभाग के एसआई मोहन सिंह ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम, नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध से बचाव और इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में बताया।



एडवांटा अस्पताल ने लगाया जांच शिविर

रोहतक। दिल्ली रोड स्थित देव कॉलोनी के एडवांटा अस्पताल की ओर से मेहराना के शिव मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें छारा, चमनपुरा, मदाना, दुजाना, बेरी, बिरधाना, बरहाना, लकड़िया और दिमाना सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों पूर्व सैनिकों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। अस्पताल निदेशक मोहित मलिक की ओर से मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में डॉ. मोहित डंडा, डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. एनके शर्मा, डॉ. सचिन, डॉ. बबीता बराक आदि ने सेवाएं दीं।



डीएन सिटी स्कूल में विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

रोहतक। डीएन सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में जींद की जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुईं। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर भाषण देकर अपनी प्रतिभा और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए।



प्रभावी संवाद कौशल के बारे में जानकारी दी

रोहतक। आईबी विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एमयूएन , जनसंचार कौशल और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन दिल्ली निवासी निवेदिता ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को एमयूएन की अवधारणा, प्रभावी संवाद कौशल, आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को समझने के बारे में जानकारी दी।



सही राम स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 54 पदक

महम। 13वें स्टूडेंट्स ओलंपिक नेशनल गेम्स में सही राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 54 पदक अपने नाम किए। विद्यालय के खिलाड़ियों ने 17 स्वर्ण, 14 रजत और 23 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, महम और जिले का गौरव बढ़ाया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, लगन, अनुशासन और खेल भावना को दर्शाती है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में इतने पदक हासिल करना विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने सभी पदक विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।



नेकीराम कॉलेज ने मनाया शताब्दी वर्ष

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक में मंगलवार को शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय की 100 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा को समर्पित समारोह में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर मुख्यातिथिरहे। इस दौरान कॉलेज पत्रिका 'प्रतिभांजलि' और शताब्दी वर्ष पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और महाविद्यालय की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। मनीष ग्रोवर ने महाविद्यालय की सौ वर्षों की यात्रा और शैक्षणिक परंपराओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



एक को दिल्ली में जुटेंगे माकपा कार्यकर्ता

रोहतक। एसआईआर रद्द करने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ' रैली के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। पार्टी की रोहतक जिला कमेटी के सचिव सतबीर सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सतबीर सिंह ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के अधिकार बीएलओ और ईआरओ से लेकर अपने हाथ में ले लिए हैं। उनके अनुसार, फॉर्म-6 में बदलाव से नए युवा मतदाताओं के नाम जुड़वाना कठिन हुआ है, जबकि फॉर्म-7 के जरिये कथित फर्जी शिकायतों के आधार पर करोड़ों मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

चेन्नई में हरियाणा की बेटियों ने एक दिन में जीते तीन स्वर्ण

- डिस्कस थ्रो में ओशीन ने सोना जीतकर लहराया परचम
- पूनम ने भाला फेंक में मारी बाजी
- निश्चय ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण, 800 मीटर में हीना को रजत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक ही दिन में तीन स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। निश्चय, पूनम और ओशीन ने स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि हीना ने रजत पदक जीता। हरियाणा के खाते में एक कांस्य पदक भी आया।

800 मीटर में हीना को रजत

20 वर्ष आयु वर्ग की 800 मीटर दौड़ में भिवानी की हीना ने 2 मिनट 11.19 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता। कर्नाटक की शिल्पा होसा मानी ने 2 मिनट 10.44 सेकेंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण और उत्तर प्रदेश की मनीषा राय ने 2 मिनट 12.22 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जानकारी दी। एएफआई सदस्य राजकुमार मितान और एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

43.81 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता

18 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में हिसार की ओशीन ने 43.81 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ की मनिंदर कौर 42.81 मीटर के साथ दूसरे और केरल की सोना मोहन 42.12 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

पूनम ने 51.48 मीटर भाला फेंककर जीता स्वर्ण

20 वर्ष आयु वर्ग की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में फतेहाबाद की पूनम ने 51.48 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की दुर्वा शेवाले ने 47.67 मीटर के साथ रजत और उत्तर प्रदेश की कनिष्का टोंगर ने 47.66 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

निश्चय ने 66.75 मीटर फेंका भाला

रोहतक के निश्चय ने भाला फेंक में 66.75 मीटर का बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2010 में अर्जुन के नाम दर्ज 64.09 मीटर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया राष्ट्रीय और मीट रिकॉर्ड बनाया।



शौर्य ने स्कूल नेशनल में जीता गोल्ड

रोहतक। गांव मायना के बॉक्सर शौर्य पंघाल ने डीएवी स्कूल नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर गांव और परिवार का नाम रोशन किया। 32 किलोग्राम भार वर्ग में शौर्य ने पदक हासिल किया। घर लौटने पर परिवार के सदस्यों और बॉक्सर अमित पंघाल ने उनका स्वागत किया। शौर्य रिश्ते में अमित पंघाल के भतीजे लगते हैं। शौर्य के कोच सूरज पंघाल और जय बाबा पालनाथ एकेडमी की ओर से भी उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। डीएवी स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन 24 से 26 अक्टूबर तक विभिन्न स्थानों पर किया गया।

'नो वन किल्ड जेसिका' स्किट से न्याय व्यवस्था की चुनौतियां उजागर

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कानून विभाग के जस्टिस वी.आर. कृष्ण अय्यर स्टूडेंट्स क्लब की ओर से मंगलवार को आंबेडकर हॉल में 'नो वन किल्ड जेसिका' शीर्षक से लीगल स्किट का मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने इसके जरिए गवाहों पर दबाव, मीडिया की भूमिका, निष्पक्ष सुनवाई और जवाबदेही जैसे मुद्दों को सामने रखा। स्किट में राहिनी भारद्वाज, वर्षा, पलक, हिमानी शर्मा, प्राची, वैभव, कार्तिक और निधि ने वकील, न्यायाधीश, गवाह तथा कथावाचक सहित विभिन्न भूमिकाएं निभाईं। प्रस्तुति में आपराधिक न्याय व्यवस्था की चुनौतियों और न्याय प्रक्रिया के व्यावहारिक पहलुओं को दर्शाया गया।



वैश्य कॉलेज 97 रन से जीता

रोहतक। एमडीयू में आयोजित इंटर-कॉलेज क्रिकेट पुरुष टी-20 प्रतियोगिता में सोमवार को वैश्य कॉलेज, रोहतक और पं. एनआरएस राजकीय कॉलेज, रोहतक ने जीत दर्ज की। वैश्य कॉलेज ने टीआईटीएस कॉलेज, भिवानी को 97 रन से हराया, जबकि एनआरएस कॉलेज ने वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को सात विकेट से शिकस्त दी। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले 28 अक्टूबर को खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में वैश्य कॉलेज ने तीन विकेट पर 202 रन बनाए। हिमांशु ने 45 गेंदों में 77 और मेहुल मलिक ने 41 गेंदों में 65 रन की पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीआईटीएस कॉलेज की टीम निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 105 रन ही बना सकी। दूसरे मुकाबले में वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की टीम 19.1 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में पं. एनआरएस राजकीय कॉलेज ने उदित की 26 गेंदों में 48 रन की पारी की बदौलत 10.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 121 रन बना लिए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज और जीसी बहादुरगढ़ का शानदार प्रदर्शन

रोहतक। एमडीयू के खेल परिसर में सोमवार को इंटर-कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2026-27 शुरू हुई। उद्घाटन समारोह में डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन प्रो. जितेंद्र कुमार मुख्य अतिथि और राममेहर दहिया विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता में छह कॉलेजों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रो. जितेंद्र कुमार ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने और उनके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राममेहर दहिया ने खिलाड़ियों को खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने और प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पहले दिन चार मुकाबले खेले गए। वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज, रोहतक और जीसी बहादुरगढ़ ने दोनों मुकाबले जीते। वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज ने एसएमएम पलवल को हराया। जीसी बहादुरगढ़ ने डीएवी सीसी, फरीदाबाद को शिकस्त दी। तीसरे मुकाबले में वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज ने वैश्य डिग्री कॉलेज, रोहतक को पराजित किया।

"जय श्री बाला जी महाराज"
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
Regd. BY GOVT. OF HARYANA UNDER S.R. ACT & MSME GOVT. OF INDA, ISO Certified
AFFILIATED BY: MYWN INDIA SKILL, HSPD TECHNICAL EDUCATION New Delhi
ACCREDITATION BY:- NATIONAL SKILL DEVELOPMENT CORPORATION (NSDC) SMART TC ID TC 358753
"जय श्री बाला जी महाराज"
DR. S.K. SAINI
Director
12th किसी भी विषय के बाद पेरा मेडिकल क्षेत्र में सुनहरा भविष्य। हरियाणा सरकार व UGC से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटीज से B.VOC प्रोग्राम के तहत डिग्री करें।
■ B.Voc.IN NURSING ASSISTANT (MPHW)
■ B.Voc.IN MEDICAL LAB. TECH. (DNLT)
■ B.Voc.IN MEDICAL X-RAY TECH (DMRT)
■ B.Voc.IN HEALTH SANITARY INSPECTOR
■ B.Voc.IN PHYSIOTHERAPY/OPTHALMIC
■ B.Voc.IN OPERATION THEATORE TECH.
■ B.Voc.IN MEDICAL SERVICES (CMS & ED)
■ B.Voc.IN DIALYSIS TECH. / CARDIOVASCULAR
■ B.Voc.IN YOGA & NATUROPATHY/FIRE SAFETY
■ B.Voc.IN BEAUTY & WELLNESS THERAPY
DR. S.K. SAINI (Director)
रोहतक :- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे।
9254233221
फीस में 50% की विशेष छुट सभी के लिए।
NSDC द्वारा संचालित कोर्सिज
■ HEALTH SANITARY INSPECTOR
■ MEDICAL LAB, TECH. (DMLT)
■ MEDICAL X-RAY TECH. (DMRT)
■ OPERATION THEATORE TECH. (OTT)
■ DIPLOMA IN DIALYSIS TECH.
■ DIPLOMA IN DENTAL MECHANIC
■ DIPLOMA IN CMS&ED (18 MONTH)
■ PANCH KARMA, GDA, EMT, ICU
■ ASSISTANT NURSING & MIDWISERY
■ HEALTH CARE MULTIPURPOSE WORKER
नोट :- अन्य सभी पेरा मेडिकल कोर्सिज में दाखिला लें।
आज ही अपने प्रमाण-पत्रों के साथ आकर मिलें।
सरकारी यूनि. से कोर्स करें
■ BAMS
■ BHMS
■ BNYS
■ BPT, MPT
■ NURSING
■ PHARMACY
■ 10TH, 12TH
अतिशीघ्र आवश्यकता है :-
■ GNM-3
■ LAB TECH-3
■ PEON-3

giriraj_jewellers_rohtak
giriraj_rohtak
शुभ करवा चौथ
GJ
Est. 1987
GIRIRAJ JEWELLERS
A Legacy of Trust and Tradition
SUNDAY OPEN
मानकः पथप्रदर्शकः
BIS Hallmarked Gold
UPTO 50% OFF on Making Charges of Selected Gold Jewellery
UPTO 25% OFF on Diamond Jewellery
HEMANT BAKSHI
CHANDAN BAKSHI | RAJAT BAKSHI
SHOP WITH US THIS FESTIVE SEASON & WIN EXCITING PRIZES BY FILLING LUCKY COUPONS
Railway Road, Lal Cloth Market Near Bhiwani Stand
9896349000

खबर संक्षेप

20 किलो 380 ग्राम डोडा पोस्त सहित युवक पकड़ा

रोहतक। पुलिस की एएनसी टीम ने महम क्षेत्र में नशीले पदार्थ की तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 20 किलो 380 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक अनिल के नेतृत्व में एएनसी टीम रोहतक-हिसार रोड के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि फतेहाबाद निवासी एक युवक नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने महम रेलवे स्टेशन के पास हिसार रोड पर खड़े एक युवक को शक के आधार पर काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान अमर पुत्र बग्गा, निवासी गांव महमरा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई।

पुराने कमर्शियल वाहनों का परिवर्तन योजना में कराएं पंजीकरण

रोहतक। आरटीए की ओर से मंगलवार को अमूल प्लांट में परिवर्तन योजना के तहत जागरूकता मेले का आयोजन किया गया। इसमें पात्र पुराने कमर्शियल वाहनों के मालिकों को योजना की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया और उपलब्ध लाभों की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल ने वाहन मालिकों से पात्र पुराने कमर्शियल वाहनों का परिवर्तन पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुके डीजल और पेट्रोल वाहनों के संबंध में लागू सरकारी निर्देशों का पालन करें तथा नियमानुसार स्क्रैपिंग या एनओसी की प्रक्रिया अपनाएं। उन्होंने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य वाहन मालिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, पुराने वाहनों के उचित निस्तारण को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अमूल प्लांट के प्रमुख मनोज चौरसिया और लोहचब मोटर्स के प्रतिनिधि विकास लोचब भी उपस्थित रहे।

यौन शोषण से बचाव पर छात्रों को किया जागरूक

रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मंगलवार को नालसा के 'सुरक्षित बचपन' जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने हरी झंडी दिखाकर अभियान को रवाना किया। इसके तहत जिले के सभी ब्लॉकों के सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों को यौन शोषण से बचाव, उनके अधिकारों और सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाएगा। यह अभियान हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। इसके तहत न्यायिक अधिकारी स्कूलों की प्रातःकालीन सभाओं में बच्चों को जागरूक करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता और अधिकार मित्र भी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। अभियान का उद्देश्य बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों की जानकारी देना है।

करवाचौथ पर बाजार में छाईं डिजाइनर थालियां, टोकरी की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पारंपरिक के साथ आधुनिक रंगों व सजावट वाली थालियां महिलाओं को आ रहीं पसंद

करवाचौथ का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। 29 अक्टूबर को मनाए जाने वाले करवाचौथ को लेकर महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी हैं। इस बार पूजा के लिए पारंपरिक थालियों के साथ डिजाइनर और आकर्षक सजावट वाली थालियां भी महिलाओं को खूब पसंद आ रही हैं। बाजार में रंग-बिरंगी थालियों, करवा, छलनी, दीपक और पूजा की टोकरियों की मांग दिखाई दे रही है। महिलाएं अपनी पसंद और बजट के अनुसार पूजा का सामान खरीद रही हैं।



मिरर वर्क और मोतियों वाली थालियां बढ़ा रही आकर्षण

करवाचौथ पर पूजा की थाली का विशेष महत्व होता है। इसे सजाने के लिए महिलाएं खास तैयारी करती हैं। बाजार में लाल, गुलाबी, सुनहरे और चटख रंगों वाली थालियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। मिरर वर्क, मोतियों, गोटा-पट्टी और चमकीली सजावट वाली थालियां महिलाओं को पसंद आ रही हैं। इसके अलावा कुंदन और नग वाली डिजाइनर थालियां भी खरीदारी के विकल्पों में शामिल हैं। कई महिलाएं ऐसी थालियां पसंद कर रही हैं।

थाली के साथ छलनी व करवे की भी खरीदारी

करवाचौथ की पूजा में थाली के साथ करवा और छलनी का भी खास महत्व है। बाजार में सजी हुई छलनियां, सजावटी करवे, दीपक और पूजा की टोकरियां उपलब्ध हैं। महिलाएं कई जगह एक साथ पूजा का सामान खरीदना पसंद कर रही हैं। कुछ महिलाएं अपनी थाली को घर पर ही सजाने के लिए अलग-अलग सजावटी सामग्री भी खरीद रही हैं। महिलाएं पूजा की तैयारियों के साथ अपने पहनावे और सजावट को लेकर भी उत्साहित हैं।



करवाचौथ पर्व पर मेहंदी प्रतियोगिता में सुनीता प्रथम और अनुष्का ने हासिल किया दूसरा स्थान

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में करवाचौथ पर आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में सुनीता ने प्रथम, अनुष्का ने द्वितीय तथा काजल और निशा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया। इसमें बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेहंदी की विभिन्न डिजाइनों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्या प्रो. महाश्वेता ने कहा कि विद्यार्थियों के छिपे हुए कौशल को निखारने के लिए महाविद्यालय में नियमित अंतराल पर ऐसी गतिविधियां की जाती हैं। इस अवसर पर प्रो. गीता रानी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. मोना मल्होत्रा, डॉ. रानी देवी और पूनम अत्रि सहित अन्य उपस्थित रहे।

दिवाली की खरीदारी के लिए निकलने से पहले जान लें रूट प्लान

रेलवे रोड, किला रोड, शौरी मार्केट व मॉडल टाउन में वाहनों की एंट्री पर रहेगी रोक

2 नवंबर से शहर के प्रमुख बाजार होंगे वाहन फ्री जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारी सीजन में बाजारों में खरीदारी करने निकल रहे हैं तो इस बार घर से निकलने से पहले अपना रूट और पार्किंग स्थल जरूर तय कर लें। दिवाली की खरीदारी के दौरान बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। 2 नवंबर से शहर के प्रमुख बाजारों को वाहन फ्री जोन बनाया जाएगा। इसके तहत रेलवे रोड, किला रोड, शौरी कपड़ा मार्केट और मॉडल टाउन में वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। झज्जर रोड टी-पॉइंट से कच्चा बेरी रोड होते हुए भिवानी स्टैंड और दुर्गा भवन मंदिर तक का मार्ग भी वाहन फ्री जोन रहेगा। पुलिस ने बाजारों में सुरक्षा, पार्किंग और यातायात नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। शहर में 11 स्थानों पर नाकाबंदी की जाएगी, जबकि राइडर व पीसीआर लगातार गश्त करेंगी। पुलिस का उद्देश्य है कि त्योहार के दौरान लोगों को खरीदारी में सुविधा मिले और बाजारों में जाम की स्थिति पैदा न हो।



बाजारों में इन रास्तों पर नहीं मिलेगी वाहनों को एंट्री

पुलिस की योजना के अनुसार रेलवे रोड, किला रोड, शौरी कपड़ा मार्केट और मॉडल टाउन को वाहन फ्री जोन रखा जाएगा। इसके अलावा झज्जर रोड टी-पॉइंट से कच्चा बेरी रोड होते हुए भिवानी स्टैंड और दुर्गा भवन मंदिर तक के मार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रहेगी। इन क्षेत्रों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़े करने होंगे और आगे पैदल जाना पड़ सकता है। यातायात पुलिस प्रमुख मार्गों पर व्यवस्था संभालेगी, ताकि बाजारों में पैदल चलने वाले लोगों को परेशानी न हो।

रूट प्लान के तहत कच्चा बेरी रोड की ओर आने वाले वाहनों को भेजा जाएगा आंबेडकर चौक की तरफ

रूट प्लान के तहत झज्जर रोड टी-पॉइंट पर पहुंचने वाले वाहनों को झज्जर रोड की तरफ रवाना किया जाएगा। वहीं, कच्चा बेरी रोड की ओर आने वाले वाहनों को माता दरवाजा, दयानंद मठ चौक और गोहाना अड्डा होते हुए अंबेडकर चौक की तरफ भेजा जाएगा। इससे बाजारों के भीतर वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। इसी तरह अग्रसेन चौक से किसी भी वाहन को रेलवे रोड और भिवानी स्टैंड की तरफ जाने की अनुमति नहीं होगी। इन बाजारों में खरीदारी के लिए आने वाले लोग अंबेडकर चौक से एलिवेटेड मार्ग के जरिए महाराजा अग्रसेन पार्किंग तक पहुंचकर अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।

11 स्थानों पर नाकाबंदी राइडर करेंगी गश्त

बाजारों में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस 11 स्थानों पर नाकाबंदी करेगी। शहर में तैनात राइडर और पीसीआर लगातार गश्त कर यातायात को सुचारू रूप से चलाने में मदद करेंगी। वहीं, त्योहारी सीजन में जेबकतरी, वाहन चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों की आशंका को देखते हुए बाजारों में सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।

इन पार्किंग स्थलों पर खड़े कर सकेंगे वाहन

त्योहारी खरीदारी के लिए शहर में आने वाले लोगों को वाहन खड़े करने के लिए कई स्थान उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें पुराना सीनियर सेकेंडरी स्कूल हुड्डा ग्राउंड, पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक पार्किंग स्थल, थाना शहर के सामने पुराने बस अड्डे का खाली ग्राउंड और भगत सिंह पार्किंग शामिल हैं। इसके अलावा महाराजा अग्रसेन पार्किंग तक पहुंचने के लिए अंबेडकर चौक से एलिवेटेड मार्ग का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

अतिक्रमण किया तो एफआईआर, सामान होगा जब्त

बाजारों में पैदल चलने वालों के लिए रास्ता खुला रखने और यातायात बाधित होने से रोकने के लिए अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार, सड़क या सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा सकती है और उनका सामान जब्त किया जाएगा।

न्यूज डायरी

गांव आसन में शहीद विजेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि



रोहतक। पुलिस की ओर से पुलिस स्मृति दिवस के तहत 21 से 31 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में गांव आसन के सरकारी स्कूल में शहीद निरीक्षक विजेंद्र सिंह की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना आईएमटी प्रभारी निरीक्षक राजकरण के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शहीद के परिजनों को सम्मानित किया गया। इसी स्कूल से शहीद विजेंद्र सिंह ने शिक्षा प्राप्त की थी। निरीक्षक विजेंद्र सिंह गांव आसन निवासी रिछपाल के पुत्र थे और सीआईए स्टाफ करनाल में प्रभारी के पद पर तैनात थे। ग्रामीणों, स्कूल स्टाफ, युवाओं और विद्यार्थियों ने शहीद को नमन किया। 31 मई 1992 को पंजाब के पटियाला जिले के गांव मतौली में आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ बहादुरी से मुकाबला किया और मुठभेड़ में शहीद हो गए।

सांगवान स्कूल ने राष्ट्रीय खेलो में जीते पांच पदक

रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने 13वें स्टूडेंट्स ओलंपिक राष्ट्रीय खेलों 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की मोनिका ने अंडर-12 वर्ग की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। मानवी ने अंडर-10 वर्ग की लंबी कूद में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, सोम्या ने अंडर-10 वर्ग की 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। प्रबंधक राजेश सांगवान ने विजेता खिलाड़ियों, खेल विभाग और शिक्षकों को बधाई दी। प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान, समन्वयक प्रमिला सांगवान और उपप्रधानाचार्या ऋतु विज ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।



सीबीएसई ट्रायल में छाए एचडी स्कूल के पहलवान



रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर के दो विद्यार्थियों विवेक और वंश बल्हारा ने कुश्ती में स्वर्ण पदक जीते। दोनों पहलवानों ने महाराष्ट्र के लोनावला स्थित सिंहगढ़ इंस्टीट्यूट में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के ट्रायल में प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय की कक्षा 12वीं ह्यूमैनिटीज के विद्यार्थी विवेक ने अंडर-19 आयु वर्ग के 61 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि वंश बल्हारा ने अंडर-19 के 57 किलोग्राम भार वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। निदेशक सुरेंद्र सिंह फौगाट ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पहलवान राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे।

बीएमयू में हुई शार्ट वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के चिकित्सा एवं संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की ओर से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के तत्वावधान में शॉर्ट वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, डिजिटल कौशल और प्रभावी संचार क्षमता को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लघु वीडियो के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. चारु शर्मा ने किया। डॉ. साक्षी ने सह-संयोजक और डॉ. प्रीति ने आयोजन सचिव की भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. ज्योति रानी, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. सुमन रानी, डॉ. सपना, डॉ. वैशाली, डॉ. प्रदीप, प्रलेक्ष, जागृति और डॉ. अलका सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया।विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक और डिजिटल कौशल में भी दक्ष बनाना है। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को नवाचार, रचनात्मक अभिव्यक्ति और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग का अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही।

नागरिकों के सुझावों से बदलेगा कामकाज

- ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं सुझाव, सीएससी पर भी मिलेगी मदद, गांवों और शहरों में भी रख सकेंगे बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुधार उत्सव योजना बनेगी सुधारों मददगार

सरकार की सुधार उत्सव योजना के तहत नागरिकों के सुझावों से सरकारी कामकाज में बदलाव की तैयारी है। अक्टूबर से दिसंबर तक चलने वाली इस पहल में विभाग सुझावों की समीक्षा कर उपयोगी प्रस्तावों की पहचान करेंगे। इसके बाद जन समाधान चरण में चुने गए सुधार लागू करने पर जोर रहेगा। उद्देश्य सरकारी सेवाओं को सरल और जवाबदेह बनाना है। योजना के तहत 30 नवंबर तक विभाग नागरिकों के सुझावों की समीक्षा करेंगे। सेवाओं, प्रक्रियाओं और प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव के प्रस्तावों की उपयोगिता और व्यवहारिकता परखी जाएगी। विभाग देखेंगे कि सुझावों से लोगों को क्या लाभ मिलेगा। जिन नागरिकों को ऑनलाइन सुझाव दर्ज करने में परेशानी होती है, वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर सहायता ले सकते हैं।

सुझावों से सामने आएंगी कमियां

आवेदन, प्रमाणपत्र, शिकायतों के निपटारे और अलग-अलग विभागों की सेवाओं के लिए लोगों को कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऐसी परेशानियां घटाने के लिए प्रक्रियाएं आसान करना, अनावश्यक औपचारिकताएं कम करना और सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना जरूरी है। नागरिक अपने अनुभवों से उन कमियों की जानकारी दे सकते हैं, जो नियमित समीक्षा में सामने नहीं आतीं।

ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराएं सुझाव

नागरिक सरकारी कामकाज में सुधार के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर सुझाव दर्ज करवा सकते हैं। इनमें सेवाओं की प्रक्रिया सरल करने, आवेदन की स्थिति जानने की सुविधा देने, अनावश्यक दस्तावेजी मांग घटाने और शिकायतों का निपटारा तेज करने जैसे मुद्दे शामिल हो सकते हैं। विभाग सुझावों की उपयोगिता और संभावित लाभ के आधार पर समीक्षा करेंगे।



पहरावर नहर हेड का पांच करोड़ से होगा चौड़ीकरण, आवागमन में मिलेगी राहत

रोहतक। पहरावर नहर हेड से होकर पहरावर सहित आसपास के गांवों में आने-जाने वाले लोगों को जल्द ही आवागमन की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। सिंचाई विभाग की ओर से नहर हेड का करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण करवाया जाएगा। इससे रास्ते की चौड़ाई बढ़ने के साथ ही वाहन चालकों को निकलने में होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल सकेगा। फिलहाल नहर के ऊपर से गुजरने वाला रास्ता केवल सात फीट चौड़ा है। इसके कारण यहां से एक साथ वाहनों की आवाजाही में दिक्कत आती है। पार्षद प्रवीण कौशिक ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू करवाने की तैयारी के तहत सोमवार से इस रास्ते को बंद कर दिया जाएगा। ऐसे में पहरावर और आसपास के गांवों की तरफ जाने वाले लोगों को रेलवे फाटक की ओर से घूमकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ेगा। रास्ता बंद होने के कारण लोगों को वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करना होगा। खासकर रोजाना इस रास्ते से आने-जाने वाले ग्रामीणों को अपने सफर के लिए अतिरिक्त समय निकालना पड़ेगा।

बड़े कचरा उत्पादकों का केंद्रीय पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

रोहतक। ठोस कचरा पैदा करने वाले बड़े संस्थानों और प्रतिष्ठानों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी करने पर उद्योगों और संस्थानों पर भारी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई जा सकती है। उपायुक्त सतबीर सिंह ने मंगलवार को लघु सचिवालय में उद्योगपतियों, व्यावसायिक संगठनों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह जानकारी दी। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन, पंजीकरण और कचरे के उचित निस्तारण पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित प्रतिष्ठानों से निर्धारित नियमों के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने और ठोस कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन नियमों के पालन की निगरानी करेगा। उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कुताना औद्योगिक क्षेत्र में सीवर, पेयजल और बरसाती पानी की निकासी के कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए गए। निर्धारित मानकों के तहत रोजाना 100 किलोग्राम या अधिक ठोस कचरा पैदा करने वाला संस्थान थोक अपशिष्ट जनरेटर की श्रेणी में आ सकता है। इसके अलावा 20,000 वर्ग मीटर या अधिक फ्लोर एरिया और प्रतिदिन 40,000 लीटर या अधिक पानी की खपत भी निर्धारित मानकों में शामिल हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन बत्रा ने सुनारियां जेल का किया दौरा, दिए निर्देश

महिला बंदियों की हर 15 दिन में करवाएं स्त्री रोग विशेषज्ञ से जांच

- सभी बंदियों के साथ मानवाधिकारों के अनुरूप व्यवहार करें, अधिकारों का उल्लंघन न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेल की चारदीवारी के भीतर भी बंदियों के मानवाधिकार, स्वास्थ्य और सम्मान का ध्यान रखना जरूरी है। इसी उद्देश्य से हरियाणा मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन जस्टिस ललित बत्रा और आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने मंगलवार को सुनारिया स्थित जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयोग ने महिला बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष निर्देश देते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच शिविरों के अलावा प्रत्येक 15 दिन में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान आयोग के चेयरमैन और सदस्य ने जेल अधीक्षक राय साहब को निर्देश दिए कि सभी बंदियों के साथ उनके मानवाधिकारों के अनुरूप व्यवहार किया जाए और किसी भी स्थिति में उनके अधिकारों का उल्लंघन न हो। आयोग की टीम ने जेल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं और वार्डों में उपचाराधीन बंदियों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की भी जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बंदियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पैनल अधिवक्ताओं की सेवाएं जल्द सुनिश्चित की जाएं।



महिला बंदियों से की बातचीत

जेल पहुंचने पर आयोग की टीम ने सबसे पहले महिला बंदियों से मुलाकात की और उनसे उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछा। जस्टिस ललित बत्रा और दीप भाटिया ने विचाराधीन और सजायाफ्ता बंदियों को जेल में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक मदद भी कर सकें। उन्होंने बंदियों को जेल में रहते हुए कौशल विकास प्रशिक्षण लेने की सलाह दी, जिससे रिहाई के बाद वे स्वरोजगार अपनाकर आजीविका कमा सकें।

जेल में रोटेशन के आधार पर दिया जाए प्रशिक्षण

आयोग ने निर्देश दिए कि जिला जेल में संचालित कार्य गतिविधियों में सभी बंदियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जेल में फर्नीचर निर्माण, सिलाई और तकनीकी ट्रेड से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है। बंदियों को रोटेशन के आधार पर व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि रिहाई के बाद वे आत्मनिर्भर बन सकें। निरीक्षण के दौरान आयोग के सहायक रजिस्ट्रार डॉ. पुनीत अरोड़ा, जेल अधीक्षक राय साहब, उपाधीक्षक चरण सिंह, प्रदीप यादव और अंकित मलिक सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। आयोग के चेयरमैन और सदस्य ने जेल परिसर में पौधरोपण भी किया। आयोग ने निर्देश दिए कि जेल रेडियो पर 'आपकी फरमाइश' कार्यक्रम के अलावा प्रतिदिन समाचार पत्रों से पांच सकारात्मक खबरें भी प्रसारित की जाएं।

400 मीटर दौड़ में छाया जॉन वेस्ले का हंसित



रोहतक। जॉन वेस्ल कॉन्वेंट, रोहतक की पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी हंसित ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। स्टूडेंट्स ओलंपिक एसोसिएशन इंडिया की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 13 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हंसित ने अपनी गति, सहनशक्ति और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उसकी सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने हंसित को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प विकसित करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हंसित भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या मधुलिका सिंह, समन्वयक एकता बहल और कोच संदीप राठी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने हंसित के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।